वर्ष - 02 अंक - 128
छपरा
29 मार्च, शनिवार 2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## भारत समेत 5 देशों में भूकंप के झटके :

# म्यांमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप, 150 की मौत

### बैंकॉक में 30 मंजिला इमारत धराशायी; मलबे में 110 लोग दबे

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप के बाद की स्थिति पर चिंता जताई

**नेपीदा,एजेंसी।** म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके भारत, थाईलैंड, बांग्लादेश और चीन समेत 5 पांच देशों में महसूस किए गए। म्यांमार और थाईलैंड में 150 से ज्यादा लोगों की जान गई है।

अकेले म्यांमार में 150 लोगों की मौत हुई है, जबकि यहां 732 लोग घायल हैं। वहीं, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में अंडर कंस्ट्रक्शन 30 मंजिला इमारत गिर गई। इस साइट पर 400 लोग काम कर रहे थे। इनमें से 110 लोग मलबे में दबे हुए हैं। लापता हैं, जबकि 3 लोगों की मौत हुई है।

इन 5 देशों के अलग-अलग इलाकों में सैकड़ों लोग घबराकर घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। भारी तबाही के चलते थाईलैंड की प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने इमरजेंसी घोषित कर दी है।





अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, इस भूकंप से होने वाली मौतों की आशंका को रेड कैटेगरी में रखा गया है। इस कैटेगरी में 10 हजार से 1 लाख मौतें तक हो सकती हैं, जिसकी संभावना 34% यानी सबसे ज्यादा है।


**पहले भूकंप के 12 मिनट बाद 6.4 तीव्रता का आफ्टरशॉक आया :** म्यांमार, थाईलैंड, बांग्लादेश, भारत और दक्षिण-पश्चिम चीन समेत 5 देशों में असर देखा गया। यहां के कई इलाकों में तेज झटके महसूस किए गए। पीटीआई न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भारत में कोलकाता, इंफाल, मेघालय और ईस्ट कार्गो हिल में इसके झटके महसूस किए गए। बांग्लादेश में ढाका, चटगांव समेत कई हिस्सों में 7.3 तीव्रता के झटके आए। म्यांमार में 12 मिनट बाद फिर 6.4 तीव्रता का आफ्टरशॉक आया।

### पीएम मोदी ने जताई चिंता, बोले- हर संभव मदद के लिए तैयार



थाईलैंड और म्यांमार में आए भूकंप से भयंकर तबाही पर पीएम मोदी ने दुख जताया है. उन्होंने कहा कि म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप के बाद की स्थिति से चिंतित हूं. सभी की सुरक्षा और खुशहाली के लिए प्रार्थना करता हूं. भारत हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है. इस संबंध में, हमने अपने अधिकारियों से तैयार रहने को कहा है. साथ ही विदेश मंत्रालय से म्यांमार और थाईलैंड की सरकारों के साथ संपर्क में रहने की भी चर्चा की है ।

## कठुआ में एनकाउंटर, 3 आतंकी ढेर, 4 जवान शहीद



### जैश के संगठन पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट ने जिम्मेदारी ली, सर्चिंग जारी

**कठुआ,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में कठुआ जिले के राजबाग में 27 मार्च से चल रहे एनकाउंटर में 3 आतंकी मारे गए हैं। गोलीबारी में सुरक्षाबलों के 3 जवान भी शहीद हुए हैं। ये जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (SOG) के जवान हैं। कल ये जवान घायल हुए थे, कल देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

शहीद जवानों में तारिक हुसैन, जसवंत सिंह, बलविंदर सिंह शामिल हैं। चौथे की जानकारी सामने नहीं आई है। घायलों को जम्मू मेडिकल कॉलेज (JMC) रेफर किया गया था। जम्मू-कश्मीर के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (SOG) के इन जवानों को पेट में गोली लगी थी। ष्ठस्क्क धीरज सिंह समेत 4 अन्य घायलों का इलाज उधमपुर में सेना के अस्पताल में चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक राजबाग के घाटी जुथाना इलाके के जखोले गांव में सुरक्षाबलों को करीब 9 आतंकवादियों के छिपे होने की खबर मिली थी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेरने के लिए जॉइंट ऑपरेशन शुरू किया। गोलीबारी में 7 जवान घायल हुए थे।सूत्रों के मुताबिक ये आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के प्रॉक्सी संगठन पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट से जुड़े हैं।

## मेरठ में मस्जिद के बाहर काली पट्टी उतरवाई

### इमरान मसूद बोले- संभल सीओ पागल है

**प्रयागराज,एजेंसी।** यूपी में आज अलविदा जुमे की नमाज है। योगी सरकार के ईद की नमाज सड़कों पर न पढ़ने की हिदायत के बाद पुलिस अलर्ट पर है। संभल के शाही जामा मस्जिद के बाहर क्रक्र और पुलिस बल ने फ्लैग मार्च किया। संभल, बलिया और मेरठ में पुलिस ने अलग से एडवाइजरी जारी की है। मौलानाओं ने भी लोगों से सड़कों पर नमाज न पढ़ने की अपील की। मेरठ में वक्फ बिल का विरोध जताने पहुंचे नमाजियों की पुलिस ने काली पट्टी उतरवा दी। अमरोहा में नमाज से पहले दो मुस्लिम पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों ओर से जमकर लाठियां चलीं। 12 लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, विवाद ट्रक निकालने को लेकर हुआ। वहीं, प्रयागराज में नमाजियों पर पुष्पवर्षा की गई।

सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा- संभल सीओ पागल अफसर हैं। उनकी बातों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। सड़क पर नमाज न पढ़ें। सड़क सरकार की है। आपकी प्रॉपर्टी मस्जिद है, उसमें नमाज पढ़ो। यह बात मुसलमानों को भी समझनी चाहिए। सरकार मना कर रही है तो नमाज न पढ़ें।

## ग्रेटर नोएडा के पांच मंजिला गर्ल्स हॉस्टल में लगी आग

### एक छात्रा घायल

**गौतम बुद्ध नगर,एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में गर्ल्स हॉस्टल में आग लग गई। कमरे में धुआं भरते देख छात्राओं में अफरा-तफरी मच गई। छात्राएं कमरे से निकलकर चिल्लाने लगीं। आसपास के लोग पहुंचे। पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। 5 मंजिला हॉस्टल में 160 छात्राएं फंसी हुई थीं।

घबराकर दो छात्राओं ने दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। जिससे एक छात्रा घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना गुरुवार शाम नॉलेज पार्क स्थित अन्नपूर्णा गर्ल्स हॉस्टल की है। इसका वीडियो आज सामने आया है। दमकल विभाग की टीम ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सभी छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

## ऑक्सफोर्ड में ममता बनर्जी का विरोध

### ● छात्रों ने गो बैक के नारे लगाए, कोलकाता रेप-मर्डर पर सवाल पूछे; ममता बोलीं- यहां राजनीति नहीं करो

**कोलकाता/लंदन ,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के केलॉग कॉलेज में गुरुवार को भाषण के दौरान विरोध का सामना करना पड़ा। कुछ प्रदर्शनकारियों ने बंगाल में हुई हिंसा, आरजी कर कॉलेज रेप-मर्डर केस और संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर सवाल उठाए। ममता ने कहा- आप जानते हैं कि यह मामला अदालत में है और ये केस हमारे हाथ में नहीं है, बल्कि केंद्र सरकार ने अपने हाथ में ले लिया है। प्रदर्शनकारी छात्रों के शांत न होने पर ममता बनर्जी ने कहा, यहां राजनीति मत करो, यह राजनीति का मंच नहीं है। मेरे राज्य में आओ और मेरे साथ राजनीति करो।प्रदर्शनकारियों के हंगामे की वजह से ममता को भाषण रोकना पड़ा। यह विरोध स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SFI-UK) ने किया है। छात्र संगठन ने कहा कि हम ममता बनर्जी के झूठे दावों का विरोध कर रहे थे। घटना का वीडियो भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया ङ्ग पर शेयर किया। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि प्रदर्शनकारी बंगाली हिंदू समुदाय से थे। भाजपा ने इस घटना को बंगाल के लिए शर्मिंदगी बताया है। पार्टी का कहना है कि विदेश में रहने वाले बंगाली हिंदू भी ममता को मुख्यमंत्री पद से हटाना चाहते हैं, क्योंकि उन्होंने बंगाल की विरासत को नष्ट कर दिया है।




### मद्रास हाई कोर्ट पहुंचे कॉमेडियन कुणाल कामरा

### कहा- मुंबई लौटूंगा तो गिरफ्तार हो जाऊंगा, शिवसेना कार्यकर्ताओं से जान का खतरा; अग्रिम जमानत मांगी



**मुंबई/चेन्नई ,एजेंसी।** स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने शुक्रवार को मद्रास हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की। उन्होंने कहा कि वह तमिलनाडु के विलुपुरम जिले के रहने वाले हैं। अगर मुंबई वापस आएंगे तो मुंबई पुलिस गिरफ्तार कर लेगी। शिवसेना के कार्यकर्ताओं से उनकी जान को खतरा है। अदालत ने दोपहर 2 बजे याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है। इससे पहले, पुलिस ने कामरा को दो समन जारी किए हैं। उन्हें 31 मार्च को पेश होने के लिए कहा गया है। वहीं, महाराष्ट्र विधान परिषद ने भी गुरुवार को उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पारित किया। दरअसल, कुणाल कामरा ने एक शो में पैरोडी की थी, जिसमें शिंदे को गद्दार कहा गया। इसके खिलाफ पुलिस ने FIR दर्ज की है। कामरा को पुलिस ने 31 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है।

## संसद में बजट सत्र का 13वां दिन :


# राज्यसभा में सपा सांसद के राणा सांगा को लेकर बयान पर हंगामा; भाजपा ने मांफी की मांग की

**नई दिल्ली,एजेंसी।** संसद में बजट सत्र के 13 वें दिन दोनों सदनों में सपा सांसद रामजीलाल सुमन के राणा सांगा को लेकर दिए गए बयान पर हंगामा जारी रहा।

स्पीकर जगदीप धनखड़ ने राणा सांगा को राष्ट्रीय नायक बताया। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ टिप्पणी बेहद अपमानजनक है।

भाजपा ने बयान को लेकर माफी की मांग की। हालांकि, रामजीलाल सुमन बयान पर माफी मांगने से इनकार कर चुके हैं। हंगामे के चलते दोपहर 12 बजे तक राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उनकी पार्टी उन सभी देशभक्तों का सम्मान करती है, जिन्होंने देश के लिए लड़ाई लड़ी और बलिदान दिया। लेकिन किसी को भी कानून हाथ में लेने और किसी सांसद के घर में तोड़फोड़ करने का अधिकार नहीं है।



दरअसल, सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने राणा सांगा को गद्दार बताया था। इसके बाद कुछ लोगों ने उनके घर में तोड़फोड़ की थी।

इससे पहले लोकसभा में गुरुवार को इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पास हो गया। बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल से बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की घुसपैठ हो रही है। अगर कोई भारत को नुकसान पहुंचाने आएगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

### राहुल गांधी का बड़ा बयान :कांग्रेस ने अंग्रेजों से लड़ी लड़ाई, उसके आगे बीजेपी-आरएसएस तो मजाक हैं!



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को पार्टी के जिला इकाई प्रमुखों की बैठक में कहा कि वर्तमान समय में एक कठिन वैचारिक लड़ाई चल रही है, लेकिन उन्हें यह पता होना चाहिए कि कांग्रेस ने उस ब्रिटिश साम्राज्य से लड़ाई लड़ी थी, जिसकी तुलना में भाजपा और आरएसएस एक 'मजाक' हैं. उन्होंने जिला कांग्रेस अध्यक्षों की तीन निर्धारित बैठकों में से पहली बैठक में इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस की बुनियाद को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है. अगली दो बैठकों का आयोजन तीन और चार अप्रैल को होगा ।

बैठक में उन्होंने कहा कि 'भारत के दो दृष्टिकोण हैं, भारत की दो अवधारणाएं हैं. एक तरफ आरएसएस की अवधारणा है- तानाशाही, पदानुक्रम, पिछड़ी जाति का दमन, कमजोर वर्गों का दमन, महिलाओं का दमन, महिलाओं का अपमान और दूसरी तरफ कांग्रेस की विचारधारा है, जिसने हमें आजादी दी, जो सभी के साथ समान व्यवहार करती है.' बैठक के बाद अपने व्हाट्सएप चैनल पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि 'उनके बिना, पार्टी आगे नहीं बढ़ सकती, सफल नहीं हो सकती. हमारी लड़ाई सिर्फ आरएसएस-भाजपा के खिलाफ नहीं है, यह एक ऐसे भारत के लिए है जहां हर नागरिक, हर समुदाय को सपने देखने और हासिल करने का अधिकार है. साथ मिलकर, हम एक मजबूत कांग्रेस और एक निष्पक्ष भारत का निर्माण करेंगे।

## राहुल गांधी 7 अप्रैल को जाएगें बिहार, संविधान सुरक्षा सम्मेलन में होंगे शामिल

**पटना,एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 7 अप्रैल को बिहार आ रहे हैं। राहुल गांधी पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में शामिल होंगे।

कांग्रेस के प्रभारी सचिव सुशील कुमार पासी ने आज सदाकत आश्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि राहुल गांधी 7 अप्रैल को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेंगे।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को कांग्रेस के साथ आने का आग्रह किया जायेगा।

## यूके सांसद बोले-भारत से जलियांवाला पर माफी मांगे ब्रिटिश सरकार

### बॉब ब्लैकमैन ने संसद में कहा- यह हमारे साम्राज्य पर धब्बा



**लंदन,एजेंसी।** ब्रिटेन में विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने ब्रिटेन सरकार से 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के लिए भारत के लोगों से औपचारिक तौर पर माफी मांगने को कहा है। उन्होंने गुरुवार को संसद में कहा कि ब्रिटिश सरकार को 13 अप्रैल से पहले माफी मांगनी चाहिए।

अगले महीने जलियांवाला बाग हत्याकांड की 106वीं बरसी मनाई जाएगी। ब्रिटिश सांसद ब्लैकमैन ने अपने भाषण का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है।

**ब्लैकमैन ने अपने भाषण में कहा-** बैसाखी के दिन कई सारे लोग शांतिपूर्वक तरीके से अपने परिवार के साथ जलियांवाला बाग में शामिल हुए थे। जनरल डायर ने ब्रिटिश सेना की तरफ से अपने सैनिकों को भेजा और मासूम लोगों पर तब तक गोलियां चलाने का आदेश दिया था, जब तक उनकी गोलियां खत्म न हो जाएं।

सांसद ब्लैकमैन ने कहा- जालियावांला हत्याकांड ब्रिटिश साम्राज्य पर एक धब्बा है। इसमें 1500 लोग मारे गए थे और 1200 घायल हुए थे। आखिरकार, ब्रिटिश साम्राज्य पर इस दाग के लिए जनरल डायर को बदनाम किया गया।

# जज कैश केस-सुप्रीम कोर्ट ने एफआईआर वाली याचिका खारिज की

### कहा- अभी इंटरनल जांच जारी, इसमें दखल देना ठीक नहीं



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के बंगले पर कैश मिलने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अभी इंटरनल जांच चल रही है, इस वजह से इसमें दखल देना सही नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट कॉज लिस्ट के मुताबिक मामले की सुनवाई जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने की। याचिका में 34 साल पुराने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले को भी चुनौती दी गई थी। 1991 में के वीरस्वामी केस में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि ष्टछ्वढ्ढ की परमिशन के बिना हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के किसी जज के खिलाफ कोई क्रिमिनल केस शुरू नहीं किया जा सकता। दरअसल, जस्टिस वर्मा के घर में 14 मार्च को होली के दिन आग लग गई थी। फायर सर्विस की टीम जब उसे बुझाने गई तो स्टोर रूम में उन्हें बोरियों में भरे 500-500 रुपए के अधजले नोट मिले थे। तभी से यह पूरा मामला सुर्खियों में बना हुआ है। उधर जस्टिस यशवंत वर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट के एडमिनिस्ट्रेटिव पैनल से हटा दिया गया है।

## पत्नी ने जहर मिलाकर पति को कॉफी पिलाई

### प्रेमी से बात करने पर मना करता था; मुजफ्फरनगर की घटना

**मुजफ्फरनगर ,एजेंसी।** यूपी के मुजफ्फरनगर में पत्नी ने पति को कॉफी में जहर दे दिया। वजह यह है कि युवक पत्नी को बॉयफ्रेंड से बात करने के लिए मना करता था। देर रात ऑफिस से लौटने के बाद युवक ने पत्नी से कॉफी मांगी। रात साढ़े 10 बजे पत्नी ने उसे कॉफी लाकर दी। कॉफी पीने के बाद उसे उल्टी होने लगी। घरवालों ने उसे खतौली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेरठ रेफर कर दिया गया।

सीओ राम आशीष यादव ने बताया कि अनुज शर्मा (30) और पिंकी (28) की शादी 2 साल पहले हुई थी। दोनों में अक्सर झगड़ा होता था। इसके चलते पत्नी पिंकी मायके में रहती थी। 15 दिन पहले ही ससुराल आई थी। अनुज की बहन ने पिंकी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मामला खतौली कोतवाली के भंगेला गांव का है।



पति रिसेप्शनिस्ट , 15 दिन पहले मायके से आई थी पत्नी भंगेला निवासी किसना ताराचंद के दो बेटे और दो बेटियां हैं। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। बड़े बेटे अनुज की शादी 2 साल पहले गाजियाबाद के फरूकनगर निवासी पिंकी उर्फ सना से हुई थी। अनुज मेरठ के एक निजी अस्पताल में रिसेप्शनिस्ट है। अनुज की बड़ी बहन मीनाक्षी ने बताया- पिंकी का अपने ताऊ की लड़की के बेटे से अफेयर चल रहा था, लेकिन उसने घरवालों के दबाव में शादी कर ली थी। शादी के बाद भी चोरी-छिपे लड़के से बात करती थी। ये बात अनुज को किसी तरह से पता चल गई।अनुज ने पिंकी का मोबाइल चेक किया तो उसमें कई आपत्तिजनक मैसेज मिले। उसने पिंकी को बॉयफ्रेंड से बात करने से मना किया। इससे दोनों के बीच विवाद हो गया। पिंकी अपने मायके चली गई। अनुज ने पिंकी के घरवालों से भी शिकायत की, लेकिन उन्होंने भी पिंकी को कुछ नहीं कहा।

इसके बाद भाई ने मामले की शिकायत महिला आयोग में की। महिला आयोग ने दोनों पक्षों से बात की।

### पंजाब सरकार का दावा- डल्लेवाल ने अनशन तोड़ा

## सुप्रीम कोर्ट में ऐजी ने दी जानकारी; किसान नेता बोले- ऐसा कुछ नहीं, सिर्फ पानी पिया

**चंडीगढ़,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को किसानों को लेकर सुनवाई है। इस दौरान पंजाब सरकार ने दावा किया कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने अनशन तोड़ दिया है। पंजाब के महाधिवक्ता (AG) गुरमिंदर सिंह ने जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच को जानकारी दी कि डल्लेवाल ने अपना अनशन समाप्त कर दिया है। डल्लेवाल पिछले साल नवंबर से भूख हड़ताल पर थे। एजी सिंह ने बताया डल्लेवाल ने आज पानी ग्रहण कर उपवास तोड़ा।



इस दावे पर किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि डल्लेवाल का अनशन खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने सिर्फ पानी पीया है। वह 19 मार्च से पानी भी नहीं पी रहे थे। उनका अनशन अभी जारी है।

**सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना याचिका खारिज की :**सुप्रीम कोर्ट ने सुनाई के दौरान पंजाब सरकार के खिलाफ दायर अवमानना याचिका को खारिज कर दिया।

## अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके भी भाषा नीति और परिसीमन के विरोध में उतरी

### कहा- यह संघवाद के खिलाफ




**चेन्नई ,एजेंसी।** तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने तीन भाषा नीति और परिसीमन के मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है। अब मशहूर फिल्म अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके (तमिलगा वेत्री कषगम) ने भी इनके विरोध में प्रस्ताव पारित किया है। इस प्रस्ताव में वक्फ संशोधन विधेयक का भी विरोध किया गया है। इसे लेकर टीवीके की बैठक हुई, जिसमें तय किया गया कि वे केंद्र सरकार से वक्फ संशोधन विधेयक को वापस लेने की अपील करेंगे।

**तीन भाषा नीति संघवाद की भावना के खिलाफ :**तीन भाषा नीति का विरोध करते हुए टीवीके ने कहा कि पार्टी दो भाषा नीति के प्रति समर्पित रहेगी और नई शिक्षा नीति के तहत तीन भाषा नीति का विरोध करती है। यह नीति संघवाद की भावना के खिलाफ है और टीवीके कभी भी भाषा को इस तरह से थोपे जाने को बर्दाश्त नहीं करेगी। परिसीमन को लेकर टीवीके ने कहा कि प्रस्तावित परिसीमन जरूरी नहीं है क्योंकि इससे दक्षिणी राज्यों में लोकसभा की सीटें घट सकती हैं।

महंगी हवाई यात्रा पर लोकसभा में गूंज

# सांसद राजीव प्रताप रूडी ने विमानन क्षेत्र की चुनौतियों को किया उजागर

- नालंदा, भागलपुर और पटना के निकट एक नए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की की मांग को भी जोरदार ढंग से उठाया
- श्री रूडी ने हवाई किराए पर नियंत्रण के लिए एटीएफ कर को पूरे देश में समान करने की मांग की




**दैनिक खोज खबर/छपरा/नई दिल्ली।** लोकसभा में सारण सांसद एवं पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने भारतीय विमानन क्षेत्र में हवाई किराए में अनियंत्रित वृद्धि, बुनियादी ढाँचे की कमियाँ और नियामक तंत्र की अक्षमता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। श्री रूडी ने बिहार में नालंदा, भागलपुर और पटना के निकट एक नए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की आवश्यकता को जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने कहा कि बिहार जैसे राज्य में हवाई संपर्क को बढ़ाने के लिए यह कदम बेहद जरूरी है।इसके साथ ही, उन्होंने प्रधानमंत्री को नागरिक विमानन क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल आने वाले समय में देश के आर्थिक विकास और हवाई यात्रा की सुलभता के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।श्री रूडी ने कहा कि भारत का विमानन क्षेत्र पिछले दो दशकों में तेजी से बढ़ा है, लेकिन टिकटों की कीमतें आम नागरिकों की पहुँच से बाहर होती जा रही हैं। एयरलाइंस को भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें उच्च ईंधन लागत, भारी कर और हवाई अड्डों पर अतिरिक्त शुल्क प्रमुख कारण हैं।उन्होंने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर राज्य सरकारों द्वारा लगाए गए असमान करों पर चिंता जताई, जिससे किराए में भारी असमानता पैदा होती है। उदाहरण के तौर पर, उत्तर प्रदेश में यह कर 1त्न है, जबकि तमिलनाडु और बिहार में 29त्न तक जाता है।

विमानन क्षेत्र के बुनियादी ढाँचे पर चिंता व्यक्त करते हुए श्री रूडी ने कहा कि कई महत्वपूर्ण रनवे बेकार पड़े हैं, जिससे यात्रियों को अनावश्यक विलंब का सामना करना पड़ता है। उन्होंने दिल्ली एयरपोर्ट के टू नाइन लेफ्ट और टू नाइन राइट रनवे का उदाहरण दिया, जहाँ अर्ध-लैंडिंग की समस्या बनी हुई है।उड़ान योजना की सराहना करते हुए श्री रूडी ने कहा कि यह छोटे शहरों को हवाई नेटवर्क से जोड़ने का एक अच्छा प्रयास है, लेकिन इसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सरकार को बेहतर बुनियादी ढाँचा और सस्ता किराया सुनिश्चित करना होगा।उन्होंने पायलटों की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत को अगले 10 वर्षों में 31,000 नए पायलटों की आवश्यकता होगी। लेकिन यहाँ प्रशिक्षण इतना महँगा है कि युवा इसमें शामिल होने से कतराते हैं, जबकि देश में पहले से ही 300 विदेशी पायलट कार्यरत हैं।

श्री रूडी ने इन समस्याओं के समाधान के लिए टैरिफ पारदर्शिता बढ़ाने, किराए के निर्धारण पर सख्त दिशा-निर्देश लागू करने और नए एयरलाइंस के लिए आसान प्रवेश नीतियाँ बनाने की आवश्यकता बताई, ताकि प्रतिस्पर्धा बढ़े और टिकट की कीमतों पर नियंत्रण रखा जा सके। उन्होंने हवाई अड्डों के ऑपरेटरों द्वारा वसूले जाने वाले शुल्कों की समीक्षा, एटीएफ कर को पूरे देश में समान करने और पायलट प्रशिक्षण लागत को कम करने पर भी जोर दिया, ताकि युवा आसानी से इस क्षेत्र में करियर बना सकें और भारत को आवश्यक संख्या में प्रशिक्षित पायलट मिल सकें। राजीव प्रताप रूडी ने केंद्र सरकार से इन सभी मुद्दों पर ठोस कदम उठाने की मांग की, ताकि आम जनता को सस्ती हवाई सेवा मिल सके और भारतीय विमानन क्षेत्र वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपनी स्थिति मजबूत कर सके।

## साझेदारी : अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल को मिला यूएसए के क्योर ब्लाइंडनेस प्रोजेक्ट का साथ

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल और यूएसए के क्योर ब्लाइंडनेस प्रोजेक्ट के पार्टनरशिप से अब यहां के लोगों को इलाज और बड़े ऑपरेशन में काफी सुविधा होगी । क्योर ब्लाइंडनेस प्रोजेक्ट और अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल ने बिहार से उपचार योग्य अंधापन समाप्त करने के लिए साझेदारी की है । यह साझेदारी अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तीचक के विजन 2030 के साथ पूरी तरह मेल खाती है, जिसका उद्देश्य है 20 लाख लोगों की दृष्टि बहाल करना। सवा करोड़ वंचित आबादी की निश्शुल्क नेत्र जांच करना।बिहार में वार्षिक नेत्र सर्जरी क्षमता को 4 लाख तक बढ़ाना, जिससे राज्य की अत्यावश्यक नेत्र देखभाल आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। उक्त बाते क्योर ब्लाइंडनेस प्रोजेक्ट के वॉयस प्रेसिडेंट मिस्टर पेट्रिक स्टीफेन एमरी ने डा.शेफाली शर्मा, डा.दीपक शर्मा के साथ संयुक्त रूप से अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तीचक में क्योर ब्लाइंडनेस प्रोजेक्ट का उद्घाटन के उपरांत अपने जारी प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल की व्यवस्था गुणवतापूर्ण इलाज को और बेहतर करने के लिए पार्टनरशिप किया गया है, फुटबॉल टू आईबॉल प्रोग्राम के माध्यम से 1,500 ग्रामीण लड़कियों को शिक्षा, ऑप्टोमेट्री प्रशिक्षण, और रोजगार प्रदान कर सशक्त बनाना हमारा मुख्य उदेश्य है। मेडिकल डायरेक्टर डा अजीत पोद्दार ने कहा कि अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल में पिछले तीन दशकों से वैश्विक स्तर पर नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत एक प्रमुख संगठन है, भारत के निम्न-आय वाले क्षेत्रों से उपचार योग्य अंधापन समाप्त करने के लिए अपने पैन-इंडिया अभियान की शुरुआत की है। इस महत्वाकांक्षी पहल के तहत, संगठन ने बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल को अपने साझेदार के रूप में चुना है।यह बहु-वर्षीय साझेदारी बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में नेत्र देखभाल की क्षमता बढ़ाने, नेत्र स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करने और सबसे वंचित समुदायों को निश्शुल्क दृष्टि बहाल करने वाली सर्जरी प्रदान करने पर केंद्रित है। अखंड ज्योति की मजबूत जमीनी उपस्थिति और विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए, यह पहल लाखों लोगों को नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित करने के लिए एक टिकाऊ और प्रभावशाली प्रणाली स्थापित करेगी। निदेशक डा .मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि यूएसए के क्योर ब्लाइंडनेस प्रोजेक्ट और अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तीचक की हुई साझेदारी से बिहार से अंधेपन दूर करने में बहुत बड़ी सफलता मिलेगी । और हमारा राष्ट्र और सुदृढ़ व अग्रसर की ओर बढ़ेगा । इस मौके पर अमित सिंह, अभिषेक सिंह, राजीव चौरसिया, मनीषा सुमन, कुमारी छाया, छवि कुमारी आदि मौजूद थे।

## बाबू वीर कुंवर सिंह शौर्य जयंती समारोह कार्यक्रम को लेकर मुजफ्फरपुर में बैठक आयोजित



**दैनिक खोज खबर/मुजफ्फरपुर।** शहर के दोर्ण पेप पब्लिक स्कूल सह कोचिंग सेंटर के चौथे मंजिल पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें 23 अप्रैल को पटना के बापू सभागार मे बाबू वीर कुंवर सिंह शौर्य जयंती समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जरूरी चर्चा की गई और उपस्थित लोगों से कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की लोगों से अपील की गई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह, भाजपा नेता निरंजन शर्मा, बीरेंद्र सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष मनोज सिंह, उपनेस सिंह, राजेश कुमार सिंह, अनिल सिंह, प्रकाश सिंह, आदित्य सिंह, विद्यार्थी परिषद अंकित सिंह, आयुष रघुवंशी, प्रियांशु सरकार, अमित सिंह, अमित नारागी, सुभाष सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे। जिसमे सभी लोगो ने मुजफ्फरपुर से बड़ी संख्या मे पटना पहुंचने का आश्वासन दिया। बता दे की 23 अप्रैल को वीर कुंवर सिंह के शौर्य दिवस पर शाम मे तीन बजे विशेष आकर्षण भारतीय वायु सेना का नौ लड़ाकू विमान दस्ता का सूर्य किरण का शौर्य प्रदर्शन पटना मे किया जायेगा।

## छः जिलों में 6,065 जरूरतमंदो लोगों की निःशुल्क नेत्र सर्जरी और 5,200 से अधिक चश्मे निःशुल्क वितरित

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** भारत सरकार का उपक्रम, न्यूक्लियर पॉवर कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड, की इकाई नरोरा परमाणु विद्युत केंद्र और अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल ने बिहार के विकास के लिए संयुक्त रूप से फरवरी और मार्च 2025 में एक महत्वाकांक्षी नेत्र स्वास्थ्य परियोजना का सफलतापूर्वक संचालन किया। इस परियोजना के तहत भारत सरकार द्वारा चयनित बिहार के 6 आकांक्षी जिलों में गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए 6,065 निःशुल्क नेत्र सर्जरी की गई और 5,200 से अधिक चश्मे निःशुल्क वितरित किए गए। इसके साथ ही इन जिलों में 335 कैंप आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 24,000 लोगों को नेत्र स्वास्थ्य जागरूकता और प्राथमिक नेत्र देखभाल प्रदान की गई। इस परियोजना का उद्देश्य राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करते हुए बिहार के समग्र विकास में योगदान देना था। परियोजना के सफल समापन पर नरोरा परमाणु विद्युत केंद्र के स्टेशन निदेशक श्री प्रतीक अग्रवाल ने कहा, ÷मुझे अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के मस्तीचक स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस आकर बहुत खुशी हुई है। मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि आज हमने अपनी साझेदारी के लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। यह पहल बिहार के विकास के प्रति भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अखंड ज्योति देश के शीर्ष नेत्र अस्पतालों में से एक है और इतने प्रतिष्ठित संस्थान के साथ साझेदारी करके हमें बहुत खुशी हुई।



अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के ट्रस्टी मृत्युंजय तिवारी ने न्यूक्लियर पॉवर कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड और नरोरा परमाणु विद्युत केंद्र के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, ÷इस सहयोग से बिहार में अंधापन और दृष्टि दोष को समाप्त करने के हमारे मिशन को काफी मजबूती मिलेगी। एनपीसीआईएल, इंडियन ऑयल और भारत पेट्रोलियम जैसे कई सरकारी उपक्रम हमारे मिशन का समर्थन कर रहे हैं, जो हमारे 'विजन 2030' लक्ष्य के तहत बिहार के लोगों के लिए 20 लाख नेत्र सर्जरी की दिशा में बहुत महत्वपूर्ण साबित होंगे।÷ सीतामढ़ी बेगूसराय मुजफरपुर, नवादा , जमुई , खगड़िया, औरंगाबाद, इन सात जिलों में यह प्रोजेक्ट सम्पन्न हुआ।

## यज्ञ की वर्षगांठ पर ग्रामीणों ने आयोजित किया अखंड अष्टयाम



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** प्रखंड के खरौनी में यज्ञ की वर्षगांठ पर ग्रामीणों ने यज्ञ स्थल पर सामूहिक अखंड अष्ययाम का आयोजन किया। बता दे की खरौनी ब्रह्मस्थान पर पीछले वर्ष श्री श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया था इस आयोजन के एक वर्ष पूर्ण होने पर ग्रामीणों ने धूमधाम से कलश यात्रा निकाली और अखंड अष्टयाम का आयोजन किया। अखंड अष्टयाम की कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और भक्ति और श्रद्धा भाव से जलभरी कर अष्टयाम में शरीक हुए। शिक्षक हरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि धार्मिक आयोजन से लोगों के बीच समरसता का संचार होता है। इससे एक दूसरे के बीच सहयोग और आपसी मिल्लत भी बढ़ता है। अखंड अष्टयाम को संपन्न कराने में संत श्रीधर दास, मुरारी स्वामी, केदार गुप्ता, सत्येंद्र सिंह, देव कुमार राय, शीला नाथ गुप्ता, अभिषेक राय, दशरथ राय, राजू राय, सोनू राय, पवन सिंह सहित अन्य सक्रिय रुप से शामिल हुए। इस दौरान संत श्री सिद्धार्थ दास ने कहा कि ग्रामीण सुख शांति और समृद्धि के लिए धार्मिक आयोजन का विशेष महत्व है। ऐसे आयोजन से गांव पर देवों की कृपा मिलती है और गांव धन, धन्य, सुख, संपदा से उन्नति करता है।

## दस्तावेज लेने के लिए लंबी कतार एवम लंबी अवधि

**दैनिक खोज खबर/मकेर /छपरा।** बिहार सरकार भूमि सर्वेक्षण हेतु समय निर्धारित की गयी है जिसको लेकर आमजन जिला से खतियान निकालने को लेकर आवेदन किया है ।जिला रिकॉर्ड रूम में कर्मियो की कमी की वजह से लोगो का छह से सात माह पूर्व किया गया आवेदन के बाद भी खतियान उपलब्ध नहीं हो रहा है ।इस कारण इस कड़ी धूप में कतार बध होकर खतियान के लिए जूझते हुए नजर आते हैं ।रेकॉर्ड रूम में पदस्थापित कर्मियों ने कहा कि पहले प्रतिदिन पन्द्रह सौ से दो हजार आवेदन परते थे खतियान के लिए जिसका निपटारा करने में बहुत समय लग जा रहा है ।तरैया से कमल राय बताते हैं कि मैं पन्द्रह अकटुबर24 को आवेदन किया था खतियान के लिए लेकिन आजतक नही मिल पाया है ।कर्मियों द्वारा बार बार दौड़ाया जाता है लेकिन अभी तक अप्राप्त है वही छपरा सदर से राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मैं 16 जनवरी 2024 को खतियान के लिए आवेदन कर रखा है लेकिन नही मिल रहा है ।इस तरह खतियान निकलना खाफी टेढ़ा हो गया है जिससे किसान अपनी भूमि सर्वे कैम्प में नही कर पा रहे हैं ।इस संबंध में जिला रिकॉर्ड रूम प्रभारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन मौजूद नहीं रहने के कारण उनका पक्ष अप्राप्त हैं ।विभाग द्वारा जबतक कारगर उपाय नहीं किया जाता है तब तक खतियान निकालने में काफी परेशानी हो रही है ।वही भूमि सर्वे अधिकारियों का कहना है कि खतियान से ही भूमि मापन एवम भूमि को चिन्हित करने में सहूलियत होगी ।बहरहाल सरकार द्वारा भी समय समय पर निर्धारित समय सीमा को बढ़ाती हैं ।



## ईद, चैती छठ, रामनवमी त्योहार को लेकर परसा थाना परिसर में शान्ति समिति की हुई बैठक

**दैनिक खोज खबर/परसा।** ईद, चैती छठ, रामनवमी त्योहार को लेकर परसा थाना परिसर में सीओ अनुज कुमार, व थानाध्यक्ष सुनील कुमार शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । इस दौरान थानाध्यक्ष सुनील कुमार व सीओ अनुज कुमार ने संयुक्त रूप से बजरंग दल कार्यकर्ता, स्वयंसेवी ,समाजसेवी,बुद्धिजीवी ,जनप्रतिनिधि, आदि कार्यकर्ताओं से शांति पूर्वक माहौल में विभिन्न पर्व को मनाने की अपील की । वहीं रामनवमी पर्व के दौरान विभिन्न कार्यकर्ताओं से लाइसेंस लेकर शांति पूर्वक जुलूस कार्य करने की अपील किया । वहीं पर्व के दौरान एक दूसरे समुदाय के लोगों से भाईचारा, सदभाव,बनाए रखने की अपील की । चंद्रदेव सिंह,पूर्व मुखिया राजेंद्र राय,प्रो विमल प्रसाद,बजरंगदल के अमित सिंह,भूलन सिंह,विकास सिंह,मुखिया प्रतिनिधि मो आशिफ असलम, पैक्स अध्यक्ष लालबाबू राय,सरपंच राजेश शर्मा,कृष्ण शर्मा, मदन शर्मा,रमेश राय,मकसूद आलम, विक्की राय, नागेंद्र राम,विनोद राय,चंदन सिंह,जितेंद्र सिंह,सहित दर्जनों समाजसेवी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की आरोपी महिला पटना से गिरफ्तार

### एकमा की महिला ने सिवान की महिला पर सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी करने की दर्ज कराई थी प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा थाना की पुलिस ने पटना के राजीव नगर से सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी करने की आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। गिरफ्तारी की यह कार्रवाई पीएसआई अमित कुमार ने दो महिला पुलिस कर्मियों की मदद से की है।बताया गया है कि एकमा थाना क्षेत्र के एकमा गांव की रहने वाली गीता कुमारी ने एकमा थाने में 19 मई 2022 में एकमा थाने में आवेदन देकर सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया है कि 13 जनवरी 2022 को पूजा कुमारी, पिता हृदय लाल बैठा, निवासी शम्भोपुर, थाना जीबी नगर, जिला सिवान, अपने सहयोगी अरविंद कुमार के साथ उनके घर आई और कहा कि सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर पैसा लगेगा। गीता कुमारी ने आवेदन में कहा कि पूजा कुमारी व उसके सहयोगियों ने उन्हें विश्वास दिलाया कि उनके पति कुमार रंजन की पटना सचिवालय में नौकरी लगवा देंगे।

**10 लाख रुपये की ठगी का आरोप:** आवेदिका ने आवेदन में बताया था कि विश्वास में लेकर पूजा कुमारी ने 10 लाख रुपये की मांग की। इस पर गीता कुमारी ने विभिन्न तरीकों से 7 मार्च 2022 तक 9 लाख रुपये पूजा कुमारी के खाते में ट्रांसफर कर दिए। यह राशि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया व स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, इंडिया के खाते में आरटीजीएस व फोन-पे के माध्यम से ट्रांसफर की गई।

**नौकरी नहीं लगी, पैसे भी वापस नहीं मिले:** गीता कुमारी ने बताया कि तय समय बीत जाने के बाद भी न तो नौकरी लगी और न ही पैसे वापस मिले। जब उन्होंने इस संबंध में जानकारी लेनी चाही तो पूजा कुमारी व उसके पिता हृदय लाल बैठा, अमीला देवी, बुआ सहित अन्य लोगों ने धमकी दी और कहा कि पैसे वापस नहीं मिलेंगे।

**जान-माल की धमकी देने का भी आरोप:** आवेदिका ने पुलिस के को बताया कि आरोपियों ने पैसे मांगने पर जान-माल की धमकी भी दी है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी।

## इसुआपुर थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई

दैनिक खोज खबर/इसुआपुर। इसुआपुर के थाना परिसर में ईद, चैती छठ और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता अंचल अधिकारी सतीश कुमार ने किया शांति समिति में लोगों से शांतिपूर्वक रामनवमी तथा ईद का त्यौहार मनाने का आग्रह किया गया. साथ ही चेतावनी दी गई कि जिस किसी के द्वारा शरारत करने की कोशिश की जाएगी उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने कहा की हर साल की भांति इस साल भी रामनवमी और ईद तथा चैती छठ शांतिपूर्वक बाताबरण में भाईचारे के साथ संपन्न होना चाहिए .रामनवमी तथा ईद आपसी भाईचारे का पर्व है. जो भी तत्व इस पर्व में बिघ्न डालने की कोशिस करेंगे उनको बक्सा नहीं जाएगा .मौके पर पीएसआई सुधांशु कुमार एएसआई सुधांशु कुमार चंदन कुमार सरपंच हरेराम तिवारी, संजय ओझा,ललन बैठा,राजद प्रखंड अध्यक्ष अमजद अली खान,भाजपा नेता बद्रीनारायण सिंह, मुखिया प्रतिनिधि देवेन्द्र कुमार सिंह, अमरनाथ प्रसाद,खुर्शीद अंसारी,टुनटुन हासमी,हफीज अंसारी, रामबाबू राय,गुड्डु कुशवाहा,योगेंद्र सिंह,राजा पेंटर सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे.

## ईद के नामाज का किया एलान

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** जामा माजिद में ईद का नामाज का ऐलान हुआ कि अगर चांद देखा जाता है तो सोमवार को ईद का नामाज होगा। अगर चांद नहीं देखा गया तो मंगलवार को ईद का नामाज आदा किया जाएगा।मढ़ौरा ईदगाह पर समय सुबह आठ बजे और जामा मस्जिद मढ़ौरा में साढ़े आठ बजे का समय निर्धारित किया गया है। मढ़ौरा ईदगाह में मौलाना नारूद्दीन और जामा मस्जिद में मौलाना गुलाम मोहीउद्दीन द्वारा नामाज पढ़ाए जाने की जानकारी दी गई।

## बीडीसी प्रतिनिधि पर हथियार लैश अपराधियों ने किया जानलेवा हमला

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** थाना क्षेत्र के लगनपूरा गांव निवासी बीडीसी जितेन्द्र कुमार यादव पर जानलेवा हमला की गई।जिसके बाद पूरा परिवार काफी दहशत में है,हालांकि अब तक पुलिस द्वारा प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई नहीं की गई है।भेल्दी थाने में दिए आवेदन में लग्नपुर निवासी महावीर राय के पुत्र जितेंद्र कुमार यादव ने कहा कि भेल्दी पंचायत भाग 2 के बीडीसी प्रतिनिधि हूं बुधवार की रात्रि अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी 9:30 मेरे घर के पीछे के गली से तीन चार व्यक्ति अपना अपना मुंह बांधकर आए और हथियार से लैस होकर आ रहे थे। तभी मेरे घर के बगल के एक महिला देख ली और हल्ला गुल्ला करने लगी। तभी मैं और मेरा परिवार दौड़कर अपने घर की गली की तरफ भागे तो देखा कि सभी व्यक्ति भागने लगे। हम सभी शोर गुल करने लगे एवं अंधेरे का फायदा उठाकर अपराधी भाग गए।घटना की सूचना मिलते ही भेल्दी पुलिस मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई। समाचार प्रेषण तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकी है

## हरिहरनाथ मंदिर के पास होटल में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहरनाथ थाना क्षेत्र के बाबा हरिहरनाथ मंदिर के पास एक होटल में अचानक शुक्रवार के शाम आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। धुआं और लपटें उठते ही वहां मौजूद लोग भागने लगे। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें तेजी से फैल रही थीं। सूचना मिलते ही दमकल की टीम पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। होटल का सामान, जेवरत, अन्य समान जलकर राख हो गया, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।आग लगने से लाखों रूपये के समान, पैसा जलकर नस्ट हो गया. इस घटना के बाद होटल संचालक मालती देवी सदमे में हैं, और प्रशासन आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है। वही दूसरी ओर पहलेजा थाना क्षेत्र के कसमर निवासी टेंपो ड्राइवर अनिल शाह के पुत्र सोनू कुमार के घर में बिजली के शॉर्ट सर्किट से घर में आग विगत दिनों लग गई जिससे घर में रखे सामान सब जलकर नष्ट हो गया । आग की खबर लगते ही लोगों में हड़कंप मच गया. लोगों ने बालू, मिट्टी और बोरिंग के पानी से आग बुझाने में कामयाब तो हो गया जब तक अग्निश्मन विभाग के टीम पहुंचती तब तक घर के सभी सामान जलकर नष्ट हो गया ।

## पहलेजा पुलिस ने देसी शराब बरामद करते हुए एक कारोबारी को किया गिरफ्तार

## बाकरपुर सब्जी मंडी से ई रिक्शा की हुई चोरी

**सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र में लूट, छिनतई, चोरी के घटना से लोगों में भय व्याप्त है।आए दिन कहीं ना कहीं अपराधी प्रवृत्ति के लोग घटना का अंजाम देते हुए पुलिस को खुली चुनौती दे रहा है ऐसा ही मामला सोनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाकरपुर सब्जी मंडी में एक पहलेजा शाहपुर दियारा के रामप्रवेश शाह के पुत्र धीरज कुमार के ई रिक्शा चोरी हो गई है। इस संबंध में पीड़ित ने सोनपुर थाने में आवेदन दी है। वहीं दूसरी ओर पहलेजा पुलिस ने रामसापुर में छापामारी कर एक गेहूं के खेत में रखें 5 लीटर के करीब देसी शराब बरामद करते हुए मौके पर मुकेश महतो पिता रामेश्वर महतो घर रामसायपुर को गिरफ्तार कर लिया। शराब बिक्री करने के आरोप में मुकेश कुमार महतो के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जा रही है. इस बात की जानकारी देते हुए पहलेजा अपर थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने शुक्रवार को बताया कि देसी शराब बरामद करते हुए मौके पर रामसापुर के मुकेश महतो को गिरफ्तार किया गया है।

## किशोरी के अपहरण का आरोप, दो भाइयों पर मामला दर्ज

**सोनपुर।** सोनपुर के नयागांव थाना क्षेत्र के एक गांव में मेला देखने गई एक 15 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर दो भाइयों पर अपहरण का आरोप लगाया है। पुलिस ने थाने में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गयी है ।

## सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका सह डीडीओ का हृदय गति रुकने से निधन,शोक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के शास्त्री टोला गांव में कन्या मध्य विद्यालय से सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका सह डीडीओ सावित्री देवी का निधन हो गया। वे 80 वर्ष उम्र की थी और बीमार चल रही थी। निधन की खबर लगते ही परिजनों समेत शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। शिक्षिका किरण कुमारी ने बताया कि सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका प्रखंड आंगनवाड़ी सेविका संघ की अध्यक्ष मधु रानी सिंन्हा की मां थी। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सीताराम पांडेय की रिश्तेदार हैं। निधन पर शोक सभा आयोजित कर शोक व्यक्त किया गया जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता कुमार रजनीश उर्फ झुन्ना पांडेय, डॉ राकेश कुमार, मुन्ना पांडेय समेत अन्य ने शामिल रहें।

## परिवहन विभाग ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, 65 वाहनों से जुर्माना वसूला

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के प्रखंड कार्यालय परिसर के मुख्य गेट पर अपर जिला परिवहन पदाधिकारी सुलेमान आलम के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान 65 वाहनों को पकड़ा गया तथा वाहन के चालकों से जुर्माना की राशि वसूल कर मौके से ही छोड़ दिया गया। मौके पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के अलावा मशरक थानाध्यक्ष रणधीर कुमार के साथ दारोगा सौरभ कुमार समेत दर्जनों पुलिस जवान मौजूद रहें। इस दौरान वाहन मालिकों व चालकों को ट्रैफिक नियमो के साथ ही परिवहन विभाग द्वारा जारी नियमों के तहत ही वाहनों का परिचालन करने को कहां गया। वाहनों के कागजात को अपडेट रखने के साथ सीट बेल्ट, हेलमेट लगाने की भी जरूरत पर जोर दिया गया। वाहन के आरसी में अपने मोबाइल नम्बर को अंकित कराने को भी कहा गया। वहीं थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने लोगों से कहा कि सभी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें। सड़कों पर यत्र तत्र वाहन खड़े करने पर जुर्माना लगाए जाने की चेतावनी दी।

## राजद प्रखंड अध्यक्ष के आवास पर इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण )।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के जजौली पंचायत के बली विशुनपुरा गांव में प्रखंड राजद अध्यक्ष वरूण यादव के सौजन्य से आवास पर रोजेदारों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। राजद प्रखंड अध्यक्ष वरूण यादव ने कहा कि इफ्तार से आपसी मोहब्बत और भाईचारा का माहौल बनता है। इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए। मौके पर जजौली मुखिया राजेन्द्र प्रसाद यादव ने रमजान के इस पाक महीने में सभी रोजेदार भाइयों को रमजान की बधाई देते हुए कहा कि रमजान एक पाक महीना है और मान्यता है इस महीने की जाने वाली हर दुआ कुबूल होती है। माह ए रमजान एकता व भाईचारगी की सीख देता है। हमें मिल जुलकर त्योहार मनाना चाहिए और हर धर्म का सम्मान करना चाहिए। मौके पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के रोजेदारों के साथ पंचायत के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** माँझी थाना पुलिस ने नगर पँचायत क्षेत्र के प्रसिद्ध मधेश्वर नाथ मंदिर के समीप से एक युवक को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही तस्करी के उपयोग में लाई गई बाइक को भी जब्त कर लिया है। इसकी जानकारी देते हुए प्रशिक्षु आईपीएस सह थानाध्यक्ष संकेत कुमार ने बताया कि गुरुवार की सुबह गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक मधेश्वर नाथ मंदिर के समीप बाइक पर शराब लाद रहा है। सूचना के आलोक में थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी शिवजी प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में एक टीम गठित कर त्वरित छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में उक्त स्थल से लगभग 86 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार तस्कर माँझी थाना क्षेत्र के दक्षिण टोला निवासी मंजय यादव का पुत्र सचिन कुमार यादव बताया जाता है। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद शुक्रवार को उसे जेल भेज दिया।

### ईद उल फितर, चैती छठ एवं रामनवमी पर्व को लेकर हुई बैठक

# डीजे, अश्लील गीत बजाने पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध, सभी ईदगाहों पर रहेगी पुलिस बल की तैनाती : एसडीओ

### पर्व में हथियार प्रदर्शन पर रहेगी पूर्ण प्रतिबंध :एसडीपीओ



**दैनिक खोज खबर/ सोनपुर।** आगामी ईद उल फितर, चैती छठ एवं रामनवमी पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण के मधेनजर शुक्रवार को अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक सोनपुर अनुमंडल कार्यालय सभागार में सोनपुर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष कुमार व एसडीपीओ प्रतीश कुमार के संयुक्त अध्यक्षता मेंशांति समिति की बैठक की गयी.बैठक में सोनपुर कार्यपालक दंडाधिकारी रामजी पासवान, डिसिएलआर रेशमी कुमारी, सोनपुर बीडीओ अरोमा मोदी , सीओ आदिति श्रुति,दिघवारा एवं दरियापुर के संबंधित विभाग के अधिकारियों सहित विभिन्न संगठन के लोगो ने भाग लिया, सोनपुर एसडीओ के उपस्थित पदाधिकारी एवं गणमान्य लोगों से पिछले वर्ष कार्यक्रम की जानकारी लेते हुए क्षेत्र के विभिन्न मठ मंदिरो का हालचाल लिया तथा सभी पर्व को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित लोगो से आग्रह किया कि ईद हो या रामनवमी हो या चैती नवरात्रा सभी त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने को लेकर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की. इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बार बहुत कम समय के अंतराल में ईद,चैती छठ एवं रामनवमी पर्व मनाया जाना है. त्योहार के दौरान क्षेत्र की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि इस बार त्यौहार में कई प्रकार के प्रतिबंध लगे हुए हैं जिसमें किसी भी प्रकार से डीजे नहीं बजाया जाएगा, सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन नहीं किया जाएगा, अगर उक्त कार्यक्रमों के कहीं आयोजित होने की सूचना प्राप्त होती है तो संबंधित कमिटी के सदस्यों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी. पर्व में हथियार प्रदर्शन पर पूर्ण रूप से रहेगा प्रतिबंध. दोनों ही धर्म के लोग अपने-अपने पूजा स्थल पर शांतिपूर्ण तरीके से पूजा कर सकते.वही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रतीश कुमार ने कहा कि ईद का त्यौहार मनाने को लेकर अनुमंडल क्षेत्र के सभी ईदगाहों पर शांतिपूर्ण माहौल में ईद की नमाज अदा करने के लेकर सभी ईदगाहों पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस के जवान मौजूद रहेंगे.त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार का हुड़दंग ना हो इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चाक चौबंद व्यवस्था करने में लग गयी है , सोशल मीडिया पर नजर रखा जाएगा मैसेज या समाज के बीच विवाद उत्पन्न करने वाले मैसेज भेजने वाले पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को हर गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाये रहने को कहा। जो लोग उपद्रवी एवं असामाजित तत्व है उन्हें चिन्हित कर रखें तथा थोड़ी सी भी उपद्रवी का आचरण करे उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दें।

बैठक में शामिल विभिन्न धर्म और समुदाय के लोगों ने प्रशासन को अस्वस्थ किया है कि वे लोग प्रशासन को पूर्ण सहयोग करेंगे साथ ही अपने स्तर से भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक व्रत को संपन्न करेंगे।कार्यक्रम के दौड़ान भाजपा नेता लालबाबू कुशवाहा ने अनुमंडल पदाधिकारी से आग्रह किया कि 1.4. 1991 को सोनपुर अनुमंडल का उद्?घाटन हुआ तब से प्रतिवर्ष अनुमंडल स्थापना दिवस मनाया जाता है।पिछले वर्षो अनुमंडल प्रशासन के नेतृत्व में सोनपुर अनुमण्डल का 33 वां स्थापना दिवस मनाया गया था। इस बार भी आशा करते है कि प्रशासन द्वारा स्थापना दिवस मनाया जाए। अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष रहे विश्वनाथ सिंह ने कहा कि एक माह पूर्व स्थापना दिवस मनाने को लेकर प्रशासन के पत्र लिखकर आग्रह किया गया है। एसडीओ ने कहा कि स्थापना दिवस मनाने के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखकर भेज दिया गया है।

बैठक में उपस्थित रहे नगर पंचायत अध्यक्ष अजय शाह, सोनपुर थानाध्यक्ष राजनांदन, नयागांव थानाध्यक्ष, पहलेजा थानाध्यक्ष, हरिहरनाथ थानाध्यक्ष,दिघवारा, दरियापुर डेरनी थानाध्यक्ष, बिधुत विभाग के जेई सुरज कुमार, अग्नि शामन विभाग के पदाधिकारी दीपक कुमार,राजद नेता लग्नदेव राय, हाकिम,राजीव मुनमुन,सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### चनचौरा -माधोपुर उत्क्रमित उच्चतर विद्यालय निर्माण की बढ़ी मुश्किलें

## दस कट्ठा जमीन दान की स्वीकृति दी थी ग्रामीणों उपेन्द्र उपाध्याय ने



### जमीनदाता के नाम के लिए 15 कट्ठा जमीन का फरमान

**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर(एकमा)।** उपेंद्र उपाध्याय -तारकेश्वर उपाध्याय नाम से हाईस्कूल निर्माण के लिए दस कट्ठा जमीन दान करने की स्वीकृति शिक्षा विभाग को दी गई थी. अब सर्वशिक्षा अभियान की बैठक में बताया गया कि हाईस्कूल के नाम के लिए जमीनदाता को 15 कट्ठा जमीन मुहैया करानी पड़ेगी. अगर दस कट्ठा जमीन दान देते हैं तो केवल शिलापट्ट पर ही नाम रहेगा. इस खबर की सूचना पर माधोपुर गांव के ग्रामीण सकते में हैं. जमीनदाता उपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि शिक्षा विभाग और प्रधानाचार्य अर्जुन सिंह ने उन्हें अंधकार में रखकर उनके दस कट्ठा जमीन की स्वीकृति ले ली. यह बात जमीन की मापी के बाद बतायी गई. हालांकि बीईओ योगेन्द्र बैठा ने कहा कि जमीन की रजिस्ट्री अभी नहीं हुई है. जमीनदाता अभी निर्णय लेने को स्वतंत्र हैं. उधर अपने अपने गांवों में हाईस्कूल को स्थानांतरित कराने के लिए चनचौरा ,बनपुरा,मोहब्बतनाथ मठिया, मनिछपरा ,वंशीछपरा गांव शिक्षा विभाग का चक्कर लगा रहे हैं. इधर माधोपुर गांव में शिक्षा विभाग के इस फरमान पर गहरी नाराजगी है और स्थानांतरित होने पर आंदोलन करने की बात की जा रही है ।

## चार दिवसीय डिफेंस प्रीमियर लीग मैच सीजन 2 क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का फाइनल मैच रिवीलगंज जीता



**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी नगर पंचायत स्थित हरदेव यादव कन्या उच्च विद्यालय के मैदान में गुरुवार की रात चार दिवसीय डिफेंस प्रीमियर लीग मैच सीजन 2 क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का फाइनल मैच गुर्दाहाँ बनाम रिविलगंज के बीच खेला गया। इससे पहले रिविलगंज की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। गुर्दाहाँ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवर में ऑल आउट होकर 60 रन का लक्ष्य दिया। जबाब में रिविलगंज की टीम ने अंतिम ओवर की आखिरी गेंद पर चार रन बनाकर 60 रन का लक्ष्य पूरा कर कप पर कब्जा जमा लिया। बेस्ट बॉलर का खिताब कृष्णा को,मैन ऑफ द मैच रंजीत यादव उर्फ भुअर को,मैन ऑफ द सीरीज जासिर को तथा बेस्ट फील्डर का खिताब गेन्दू को दिया गया। इससे पहले डिफेंस प्रीमियर लीग मैच का विधिवत उदघाटन माँझी विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी ई.सौरभ सन्नी ने किया। विजेता टीम को कप प्रदान करने के बाद उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों का आयोजन होने से स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। गाँवों में संसाधनों की कमी के कारण खिलाड़ी आगे नही बढ़ पाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को खेलों का बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाना चाहिए। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर रंजन शर्मा,गुड्डू शुक्ला,अंजनी शर्मा,लाल बाबू चौधरी,शम्भू यादव,धर्मेन्द्र यादव,अशोक यादव,लक्ष्मण शर्मा,गौतम शर्मा तथा राहुल यादव समेत सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे। समारोह का संचालन संजय कुमार यादव ने किया।

## पहली अप्रैल से लोक आस्था का महापर्व चार दिवसीय चैती छठ पर्व होगा शुरू

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सनातन धर्म में हर पर्व का अलग-अलग महत्व है. साल में दो बार सूर्य उपासना का महापर्व छठ व्रत होती है.जिसमे चैत माह दूसरा कार्तिक माह में होती है. इस चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व चैती छठ की शुरूआत एक अप्रैल को नहाय-खाय के साथ शुरू होगी। उक्त बात की जानकारी देते हुए बाबा हरिहरनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक सुशील चंद्र शास्त्री एवं पवन शास्त्री ने यह भी शुक्रवार को बताया कि एक अप्रैल मंगलवार के दिन छठ व्रती चार दिवसीय चैती छठ की शुरूआत करेंगी। पहला दिन व्रत धारी गंगा सहित अन्य नदियों में स्नान करने के उपरांत नहाखाए के व्रत करेंगी इसके अगले दिन 2 अप्रैल को खरना के दिन चंद्रमा को अर्घ्य दान कर 36 घंटे का अखंड निर्जला व्रत की शुरूआत करेंगी। इसके बाद 3 अप्रैल को अस्ताचलगामी एवं 4 अप्रैल को उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य दान के साथ चैती छठ का निस्तारण होगा। चैती छठ को लेकर लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी है। लोग अपने समर्थ के अनुसार वस्त्र, पूजन सामग्री की खरीदारी शुरू कर दी है। सुप,दउरा बनाने का काम मलिक समाज के लोग अपने पूरे परिवार के साथ लग गए है। वही गंगा घाटों सहित अन्य स्नान घाट की साफ-सफाई के लिए स्थानीय और प्रशासनिक स्तर पर तैयारी को लेकर चर्चाएं होनी शुरु हो गई है।

## गंडक नदी में डुबने से युवक की मौत

**दैनिक खोज खबर पानापुर (सारण)** थानाक्षेत्र के बसहियां मे युवक के गंडक नदी में डुबने से हुई मौत। युवक के मौत से गांव में पसरा सन्नाटा। परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बसहियां गांव के स्वर्गीय बच्चू राय का 26 वर्षीय पुत्र मनोज राय गुरुवार की संध्या शौच के लिए गंडक नदी के किनारे गया था, लेकिन वह देर रात तक नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की परन्तु कहीं कुछ पता नहीं चला।अहले सुबह ग्रामीण मनोज को ढूंढने नदी किनारे पहुंचे जहां उसका एक चप्पल नदी किनारे दिखाई दिया। लोगों ने आशंका जताई की शायद उसका पैर फिसला गया और वह नदी में डूबे गया है।जिसकी सूचना लोगों ने मनोज के परिजनों, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय प्रशासन तथा एसडीआरएफ को दी।तथा स्थानीय लोग खोजबीन जारी रखें।करीब एक दो घंटे के बाद मनोज का शव नदी में दिखाई दी।सूचना पाकर थानाध्यक्ष विश्व मोहन राम दल-बल के साथ मौके पर पहुंच कर घटना के संबंध में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों से जानकारी लिए तथा शव को कब्जे में लेकर कागजी कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। मौके पर स्थानीय मुखिया अमरेन्द्र कुमार सिंह, सरपंच साधु राय सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## दो पक्षों के बीच हुए विवाद में चाकू लगने से एक युवक की मौत



**दैनिक खोज खबर/ भेल्दी/ अमनौर (सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सलखुआं गांव में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में चाकू लगने से एक युवक की मौत के बाद क्षेत्र में तनाव देखा जा रहा है. घटना के बाद मढ़ौरा डीएसपी सहित अमनौर,भेल्दी पुलिस मौके पर पहुंच घटना की तहकीकात में जुट गई है. घटना के संबंध में कोई कुछ भी कहने से बच रहे हैं. पुलिस भी इस मामले में भी कुछ भी नहीं बता रही है. घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार दो पक्षों में कुछ बातों को लेकर विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते एक पक्ष द्वारा चाकू से हमला कर दिया गया. स्थानीय लोगों द्वारा घायल युवक को गरखा सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया. शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया गया है. मृतक युवक सर्वजीत भगत के 18 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार बताया जा रहा है. मौत की खबर के बाद मृतक के परिजनों में चीख पुकार मच गई है.

इधर इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है. सूचना के बाद मढ़ौरा डीएसपी, अमनौर, भेल्दी पुलिस सहित दर्जनों पुलिस के जवान मौके पर तैनात है. पुलिस ने दूसरे पक्ष के चार लोगों हिरासत में लिया है. वहीं मामले की जांच कर दोषियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है.

## ललित भारत गैस एजेंसी का 15वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया





**दैनिक खोज खबर जलालपुर।** प्रखंड के जलालपुर मिश्रवलिया स्थित ललित भारत गैस एजेंसी में 15 वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर गैस एजेंसी कार्यालय में विधिवत पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर गैस एजेंसी के प्रोपराइटर इंजीनियर ललित कुमार सिंह ने कहा कि उपभोक्ताओं को हर समय बेहतर सेवा देना ही ललित भारत गैस एजेंसी का अहम लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता गैस बुकिंग करके ही गैस प्राप्त करें। इसके लिए ओटीपी की आवश्यकता पड़ती है ताकि उनकी गैस का डिलीवरी हो सके और इसका लाभ उपभोक्ताओं को मिल सके। गैस बुकिंग इस नंबर पर 771095 5555 पर मिस कॉल करें।बुकिंग नंबर 77150 12345,77180 12345 है।

## थाना परिसर में शांति समिति की बैठक, डीजे पर रहेगी रोक



**दैनिक खोज खबर/बनियापुर।** ईद,चैती छठ एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण मनाने को लेकर शुक्रवार को सहाजितपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने को लेकर बिचार-विमर्श हुआ। बैठक में उपस्थित सभी से आपसी भाईचारा के साथ मनाने की अपील की गई। थानाध्यक्ष जितमोहन कुमार ने बताया कि त्योहार के दौरान उपद्रवी एवं शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।किसी भी तरह के धार्मिक उन्माद और अशांति फैलाने वाले असमाजिक तत्वों को बख्सा नहीं जायेगा। नमाज अदायगी के दौरान पुलिस गस्त करती रहेगी।थानाध्यक्ष ने बताया कि यदि कोई शरारती तत्व किसी भी तरह की अफवाह फैलाने अथवा सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना अविलंब थाने की पुलिस को दें। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी दीनानाथ कुमार ने की। सीओ ने बाताया की किसी भी पर्व पर डीजे बजाना वर्जित है। वहीं, जुलूस निकालने के पूर्व अनुमति लेंना आवश्यक है। बगैर अनुमति जुलूस निकालने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सरपंच सुरेंद्र पांडेय, उमेश कुमार सिंह, डब्लू कुमार सिंह, गोपाल राय, पूर्व मुखिया मोहन राय, कृष्णा राम, रुस्तम आली, सुदीश साह, विजेंद्र सिंह, नितेश कुमार सहित काफी संख्या में थानाक्षेत्र के लोग उपस्थित थे। इधर, बनियापुर थाना परिसर में भी शांति समिति की बैठक की गई।

## जन सुराज पार्टी के पदाधिकारी ने बिहार बदलाव रैली को सफल बनाने को लेकर नयागांव में की बैठक

**दैनिक खोज खबर/ सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के नयागांव में जन सुराज पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के बीच एक बैठक शुक्रवार के हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मनु लाल चौरसिया के मौजूदगी में किया गया। जहाँ बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जन सुराज पार्टी के मजबूती एवं संगठन को मजबूत करने के लिए गांव-गांव में घूम-घूम कर लोगों को जन सुराज पार्टी के कार्य, उद्देश्य, सिद्धांतों को लोगों को बताना है साथ ही जन सुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर के जो सपना है कि बिहार विकसित राज्य बने उस सपना को पूरा करने के लिए उनके साथ देने की जरूरत है। इसके लेकर अधिक से अधिक लोगों को जन सुराज में जोड़कर आने वाले विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनानी है जिससे बिहार विकसित हो सके। बिहार में अनेक समस्या से बिहार वासी परेशान है उस समस्या से निजात तभी मिल सकता है जब पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जनता को विकसित बिहार,समृद्ध बिहार बनाने में जन सुराज पार्टी को सत्ता में लाने के लिए आम जनता सहयोग करे साथ ही जन सुराज के प्रेणता प्रशांत किशोर के आवाहन पर आगामी 11 अप्रैल 2025 को पटना के गांधी मैदान में होने वाले बिहार बदलाव रैली की तैयारी को सफल बनाने के लिए प्रचार प्रसार करते हुए अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पटना लेकर जाने एवं प्रशांत किशोर के विचारों,पार्टी के कार्य,सिद्धांतों को लोगों को अवगत कराने के लेकर चर्चा किया गया। इस मौके पर पंकज कुमार चंद्रवंशी, सरफराज ,कमलेश कुमार,बच्चा प्रसाद, राहुल राज, राज किशोर, संजीत साव, संतोष राय,अमीर साव, त्रिलोकी नाथ सिंह,शारदा, शिवकुमारी, चमेली देवी,गौतम,हरेंद्र शाह,जितेंद्र, रवि कुमार, पप्पू सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## समाज के हर जरूरतमंद तक पहुंचना और उन्हें सशक्त बनाना लक्ष्य

**सिवान।** सामाजिक न्यायिक युवा शक्ति शैक्षणिक चैरिटेबल ट्रस्ट की त्रैमासिक बैठक शुक्रवार को कार्यालय में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य कार्यकारिणी का विस्तार करना तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना था। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के संस्थापक रिंकू पांडेय ने की। इस दौरान ट्रस्ट के उद्देश्यों को और सशक्त करने के लिए कार्यकारिणी विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए आगामी कार्यक्रमों की योजना तैयार की गई। संस्थापक ने कहा हमारा लक्ष्य समाज के हर जरूरतमंद तक पहुंचना और उन्हें सशक्त बनाना है। यह बैठक हमारे संकल्प को और मजबूत करने का एक कदम है। अध्यक्ष सुधीर दुबे ने कहा कि कार्यकारिणी के विस्तार से संगठन की पहुंच और प्रभाव में वृद्धि होगी, इससे अधिक से अधिक लोगों तक लाभ पहुंचाया जा सकेगा। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एकजुटता के साथ ट्रस्ट के विजन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक में मुखिया राजेश सिंह, श्री साई हास्पिटल के डायरेक्टर विकास सिंह, मुखिया अश्विनी सिंह (उर्फ महाराजा सिंह), प्रमोद सिंह, मुन्ना यादव, रितेश पांडेय और जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## क्रिकेट खेलने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट में आधा दर्जन से अधिक घायल

**महाराजगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के इटहरी गांव में गुरुवार की शाम क्रिकेट खेलने के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में दोनों पक्ष से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। स्थानीय लोगों की मदद सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सक द्वारा घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में इटहरी निवासी जयनाथ मांझी, अनिल प्रसाद, बाबूलाल साह, रंगलाल साह, बालदेव प्रसाद शामिल हैं। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि क्रिकेट खेलने के दौरान बच्चों में विवाद हो गया था। इसके बाद दोनों पक्ष के स्वजन एक-दूसरे से भीड़ गए। दोनों तरफ से लाठी-डंडा चलने लगा। देखते ही देखते मामला खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। इसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। इस संदर्भ थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना की सूचना प्राप्त हुई है। मामले की जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जितेंद्र यादव के जिला दिव्यांग क्रिकेट टीम का कप्तान बनने पर लोगों में खुशी

**सिवान।** बड़हरिया प्रखंड के तीनभेड़िया कला निवासी रामाश्रय चौधरी के पुत्र जितेंद्र कुमार यादव जिला दिव्यांग क्रिकेट टीम के कप्तान बनाए गए हैं। इससे क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। नवनियुक्त कप्तान जितेंद्र कुमार ने बताया कि पटना स्थित जगजीवन स्टेडियम में 29 मार्च यानी शनिवार को सिवान बनाम पटना की टीम के बीच क्रिकेट मैच खेला जाएगा। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द ही बिहार दिव्यांग क्रिकेट डेवलपमेंट एसोसिएशन के तहत चार राज्यों के बीच मैच का आयोजन होगा। बताया कि हम सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करेंगे, उनका चयन बिहार टीम के लिए कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला टीम में उनके अलावा टुनटुन कुमार, धर्मेंद्र साह, रोहित कुमार, अभिराज कुमार, निवाल किशोर, मुकेश कुमार, दीपू कुमार, अनंत पांडेय, लालू यादव, राम शर्मा, शैलेश कुमार यादव शामिल हैं।

## शार्ट सर्किट से पेड़ में लगी आग, मची अफरातफरी

**आंदर (सिवान)।** थाना क्षेत्र के घेराई गांव स्थित नहर के समीप विद्युत शार्ट सर्किट से अचानक एक पेड़ में आग लग गई। अगलगी के बाद ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई। वहीं काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत शार्ट सर्किट से हरे पेड़ में अचानक आग लग गई। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। समय पर अग्निशमन वाहन पहुंच ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई।

## पुराने विवाद को ले दंपती को मारपीट कर किया घायल

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के हरिहांस सोनार टोली मोहल्ले में पुराने विवाद को ले कुछ लोगों ने एक दंपती को मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया गया। इस मामले में घायल नंदजी सोनी के पुत्र विनोद कुमार सोनी ने थाना में आवेदन देकर पड़ोसी अमर सोनी को आरोपित किया है। आवेदन में कहा है कि अमर सोनी से भावली जमीन के अतिक्रमण करने को लेकर पूर्व से विवाद चल रहा है। इसको लेकर उसने अपने पांच-छह सहयोगियों के साथ मिलकर मुझे तथा मेरी पत्नी को राड, लाठी व डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही घर में थैला में रखे 80 हजार रुपये के गहने एवं नकद 16 हजार रुपये की चोरी कर ली। साथ ही मेरी बाइक को राड से मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है। मामले की जांच-पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

## पंचायत उप चुनाव हेतु मतदाता सूची विखंडीकरण का कार्य शुरू

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रखंड निर्वाचन कार्यालय में पंचायत उप चुनाव हेतु मतदाता सूची का विखंडीकरण का कार्य शुरू हो गया है। इस संबंध में प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ कुमार विशाल ने बताया कि 25 मार्च से मतदाता सूची के विखंडीकरण का कार्य शुरू है, जो एक अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में दो पंचायत समिति, दो वार्ड सदस्य एवं एक ग्राम कचहरी पंच के रिक्त पद के लिए चुनाव होना है। उन्होंने बताया कि बीडीसी के लिए प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र पांच एवं 13 , वहीं खेढ़वा पंचायत के वार्ड नौ तथा बड़कागांव के वार्ड दो में तथा ब्रह्मस्थान पंचायत के ग्राम कचहरी के वार्ड संख्या 12 में पंच पद का चुनाव होना है। आयोग के निर्देशानुसार सभी स्तर से तैयारी की जा रही है।

## 30 को गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को सफल बनाने पर की गई चर्चा

**परवेज अख्तर/सीवान।** बिहार विधानसभा चुनाव का शंखनाद करने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 30 मार्च को गोपालगंज आने वाले हैं। उनके आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। भाजपा नेता व कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर से तैयारी को मुकम्मल करने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को शहर के एक मैरेज हाल में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक महराजगंज नगर अध्यक्ष अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन को ऐतिहासिक बनाने के लिए विभिन्न तैयारियों पर चर्चा की। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संगठित कर अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में लाने की रणनीति बनाई गई। प्रदेश के प्रभारी नेता ब्रजेश रमन ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह का बिहार दौरा आगामी विधानसभा चुनावों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करने का आह्वान किया। वहीं पार्टी के जिला मंत्री अवधेश पांडेय ने कहा कि गृह मंत्री के आगमन को लेकर पार्टी के सभी कार्यकर्ता पूरी तरह से सक्रिय हो गए हैं। इस मौके पर पंकज कुमार विद्यार्थी, जिला मंत्री युवा मोर्चा के मृत्युंजय श्रीवास्तव, हरिशंकर आशीष, हरेंद्र श्रीवास्तव, पवन कुमार, उमाशंकर सिंह, सिंकु श्रीवास्तव, इनशाद आलम उर्फ कैश समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सिवान की नौ खिलाड़ियों का चयन बिहार हैंडबॉल टीम में




**दैनिक खोज खबर/मैरवा(सिवान)।** हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा लखनऊ में 26 मार्च से 30 मार्च 2025 तक आयोजित 47 वीं राष्ट्रीय जूनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप हेतु गठित बिहार राज्य हैंडबॉल की 18 सदस्यीय टीम में रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी की आठ खिलाड़ियों का चयन हुआ है जो बिहार टीम के साथ लखनऊ उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय टूर्नामेंट खेल रही है। रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक सह संस्थापक संजय पाठक ने बताया कि बिहार टीम की ओर से खेलते हुए कल अकादमी की बेटियों ने अपने प्रथम मैच में केरल को 30-8 से तथा दूसरे मैच में गुजरात की टीम को 9-5 से हराते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। चयनित खिलाड़ियों में निक्की कुमारी, अंजली कुमारी, रुबी कुमारी, निशा कुमारी, सिंधु कुमारी, रंजन कुमारी, अंशु कुमारी, प्रिया कुमारी, नीतू कुमारी एवं सोनाली कुमारी शामिल है ।इन चयनित सभी खिलाड़ियों को हैंडबॉल एसोसिएशन आफ सिवान की सचिव सलमा खातून अध्यक्ष रवि शंकर पांडेय ,कोषाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह आई एम ए सिवान के अध्यक्ष डॉक्टर शशी भूषण सिंहा ,सचिव डॉक्टर शरद चौधरी, रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी के मुख्य संरक्षक डॉक्टर आर एन ओझा, आर एल बी एस ए फाउंडेशन के निदेशक राजीव लोचन मिश्रा, संरक्षक बसंत कुमार पाठक, डॉ रामजी चौधरी ,डॉक्टर रिता सिंहा ,डॉक्टर संगीता चौधरी, डॉक्टर आरती रानी पांडेय डॉक्टर सत्य प्रकाश डॉक्टर रामेश्वर इकबाल प्रसाद गुप्ता, डॉक्टर अशोक कुमार, डॉक्टर अनिल कुमार, डॉक्टर कृष्ण कुमार सहित दर्जनों लोगों ने इन खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## मानवाधिकार के आदेश पर सिसवन के तत्कालीन थानाध्यक्ष के विरुद्ध प्राथमिकी

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले में हो रहे अपराधों से एक तरफ आम जनता काफी त्रस्त है, तो दूसरी तरफ पीड़ित की फरियाद भी स्थानीय पुलिस नहीं सुन रही है। स्थानीय थाने की पुलिस से लेकर पीड़ित एसपी तक गुहार लगाते रहे, लेकिन उनकी कोई भी सुनने वाला नहीं है। पुलिस प्रशासन के इस तरह के कारनामा को लेकर मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली ने भी गंभीरता से लिया है। ऐसे ही मामले को सत्य पाते हुए मानवाधिकार आयोग ने सिसवन थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष के खिलाफ प्राथमिकी करने का आदेश पुलिस अधीक्षक को दिया है।

वहीं मामले में सिसवन थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने तत्कालीन थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के खिलाफ थाना कांड सं. 104/दिनांक 26.3.25 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई हेतु शुक्रवार को न्यायालय में प्रेषित कर दिया। गौर करने वाली बात है कि पीड़ित गंगपुर सिसवन निवासी ऋतिक साह ने घटना की शिकायत 21 जुलाई 2020 को मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली में की थी। जिसमें बताया था कि उक्त समय तत्कालीन प्रभारी थानाध्यक्ष पुलिस अवर निरीक्षक अरविंद कुमार द्वारा प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई और ना ही कोई संज्ञान लिया गया। 18 माह बाद गंगपुर परिवादी के पिता यशवंत साह के आवेदन के आधार पर गांव के ही रामअवतार कुम्हार, सुमित्रा देवी, तारकेश्वर कुम्हार, विकेश कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया था। प्राथमिकी में विलंब होने के कारण महत्वपूर्ण सबूत नष्ट हो गए एवं आरोपित को सबूत के साथ छेड़छाड़ करने एवं भागने तक का पर्याप्त अवसर मिल गया। तत्कालीन प्रभारी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार द्वारा कानून के तहत अधिकारिक कर्त्तव्य और आयोग के विभिन्न निर्देशों का पालन करने का गंभीर उल्लंघन के आलोक में मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली द्वारा तत्कालीन प्रभारी थानाध्यक्ष पुनअि अरविंद कुमार के विरुद्ध धारा 166 (ए) आइपीसी अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है।

## चूल्हे से उड़ी चिंगारी से लगी आग, एक दर्जन परिवार प्रभावित

**गोरेयाकोठी (सिवान)** = प्रखंड के छितौली कला के भगौता टोला में शुक्रवार को खाना बनाने के दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी से जगरनाथ यादव की घर में आग लग गई। इससे घर में रखे दो साइकिल, तीन बकरी, कुछ नकद रुपये, अनाज, फर्नीचर व अन्य सामान जलकर राख हो गए। जब तक लोग कुछ समझ पाते तेज हवा के कारण आग रामप्रवेश यादव, रामलाल यादव, धर्मनाथ यादव व सिपाही यादव के बथान व बेढ़ी को भी चपेट में ले लिया। इससे बथान में रखे गए सामान व बेढ़ी में रखे अनाज अगलगी की भेंट चढ़ गए। वहीं आग ने बगल के पकड़ी के पेड़ को भी चपेट में ले लिया। पेड़ की जल रही टहनियां टूटकर हरि पंडित, गणेश राय, मुकेश पंडित, चंद्रमा यादव, मैनेजर यादव आदि लोगों के घरों में भी नुकसान पहुंचाया। इससे उनके घर में रखे अनाज, फर्नीचर, कपड़े आदि सामान जल गए। पीड़ितों के अनुसार अगलगी में छह लाख से भी अधिक की संपत्ति नुकसान होने की संभावना है। अगलगी के बाद मौके पर पहुंचे इंद्रमणि प्रकाश व ग्रामीणों ने पंपसेट व अन्य उपलब्ध साधनों से आग पर काबू करने का प्रयास शुरू कर स्थानीय थाना व अंचल कार्यालय को इसकी सूचना दी। घटना की सूचना पर मिलती अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंच ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाई। इस घटना के बाद क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल रहा।

## क्रिकेट खेलने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**महाराजगंज (सिवान)** थाना क्षेत्र के इटहरी गांव में गुरुवार को क्रिकेट खेलने के दौरान दो पक्ष में विवाद को ले हुई मारपीट में दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद सभी घायलों का उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सक द्वारा घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अनुमंडल अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में इटहरी निवासी जयनाथ मांझी, अनिल प्रसाद, बाबूलाल साह, रंगलाल साह, बालदेव प्रसाद शामिल हैं। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि क्रिकेट खेलने के दौरान बच्चों में विवाद हो गया। उसके बाद दोनों पक्ष के स्वजन एक-दूसरे से भीड़ गए। दोनों तरफ से लाठी-डंडा चलने लगा। देखते ही देखते मामला खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। इसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए है। इस संदर्भ थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना की सूचना प्राप्त हुई है। मामले की जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्वास्थ्य मंत्री ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी, 30 मार्च को गृहमंत्री का है गोपालगंज में कार्यक्रम

**सिवान ।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य सह विधि मंत्री मंगल पांडेय ने शुक्रवार को शहर के अतिथि गृह में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में जहां मजबूती के साथ विकास के कार्य हो रहें हैं। वहीं दूसरी तरफ इंडी गठबंधन आपस में कुर्सी, पद, मुख्यमंत्री का उम्मीदवार एवं चुनाव में किसको कितना सीट मिलेगा, इस बात को लेकर आपस में लड़ाई लड़ रहे है। उन्होंने कहा कि कई अवसरों पर देखा गया है कि कांग्रेस पार्टी द्वारा राजद से दूरियां बनाई गई है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन एक टूटता हुआ गठबंधन है। हाल के दिनों में बढ़ते अपराध के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि 2005 के पहले सत्ता में बैठे लोगों के संरक्षण में अपराध होता था। वहीं वर्तमान समय शासन एवं प्रशासन द्वारा बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज कर उन्हें सजा दिलाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए 30 मार्च को गोपालगंज में भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह जनसभा को संबोधित करेंगे। लंबे अंतराल के बाद गृह मंत्री का सारण प्रमंडल में आना हो रहा है। कहा कि यह वर्ष बिहार के लिए चुनावी वर्ष है। भारतीय जनता पार्टी और एनडीए अगले विधानसभा की चुनाव की तैयारी भी शुरू कर दी है। प्रेसवार्ता में दारौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, पूर्व एमएलसी मनोज कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, प्रो अभिमन्यु कुमार सिंह, नंद प्रसाद चौहान, भाजयुमो जिलाध्यक्ष त्रिलोकी सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार बंटी एवं देवेंद्र गुप्ता उपस्थित थे।

## गुठनी-बाइक लूट कांड का पुलिस ने 12 घंटे में किया उद्भेदन, पांच गिरफ्तार, बाइक बरामद

**परवेज अख्तर/सीवान** गुठनी थाना क्षेत्र के सोहागरा-गुठनी मुख्य मार्ग पर धूमनगर मोड़ के समीप से गुठनी निवासी अभिमन्यु कुमार से मारपीट कर लूटी गई हीरो स्ट्रीम बाइक को पुलिस ने 12 घंटे के अंदर बरामद कर घटना को अंजाम देने वाले सभी पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की जानकारी होते ही थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर अनुसंधान शुरू कर दिए। घटना के संदर्भ में दर्ज प्राथमिकी गुठनी थाना कांड सं0-98/25 धारा-310(2) बीएनएस के सफल उद्भेदन एवं गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-2 (मैरवा) चंदन कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गुठनी पुलिस ने घटना को काफी गंभीरता से लिया और एसडीपीओ के नेतृत्व में 12 घंटे के अंदर शुक्रवार की सुबह लूटी गई बाइक, घटना में प्रयुक्त बाइक सहित सभी पांचों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को एसडीपीओ ने गुठनी थाना परिसर में प्रेस कांफ्रेंस कर घटना की पूरी जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आई कि कांड के वादी अभिमन्यु कुमार गुरुवार को लार स्थित बाइक एजेंसी से अपनी बाइक का किस्त जमा कर सोहागरा के रास्ते अपने गांव गुठनी लौट रहा है। इस दौरान गुठनी आने के क्रम में धूमनगर मोड़ के पास दो बाइक सवार पांच बदमाशों ने मारपीट कर बाइक लूट ली गई। बदमाशों को पकड़ने के लिए विशेष टीम द्वारा आधुनिक तकनीक व मानवीय अनुसंधान करते हुए बदमाशों को उनके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया और लूटी गई बाइक बरामद कर लिया। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान सोहागरा घाट निवासी मंजेश चौहान, शशि मद्धेशिया, धूमनगर निवासी गोलू चौहान, सोहागरा पूरब पट्टी निवासी राजा कुमार तथा यूपी के भाटपार रानी थानाक्षेत्र के कुसुमा टोला निवासी गोलू निषाद के रूप में हुई है। पुलिस कप्तान द्वारा गठित विशेष टीम में एसडीपीओ के अलावा पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, अपर थानाध्यक्ष गणेश चौहान, पुअनि सुधीर कुमार सिह, पुअनि संतोष राम, सअनि पंकज कुमार व सअनि बासुकी कुमार तथा पीटीसी छोटेलाल सिंह, गृहरक्षक विष्णुदेव ठाकुर, विजय कुमार राम, चौकीदार सोनू सिंह शामिल थे।

## राज्य स्तरीय दो सदस्यीय टीम ने आंदर के रकौली व बसंतपुर के कुमकुमपुर एचडब्ल्यूसी का किया निरीक्षण

**सिवान।** राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत प्रमाणीकरण को लेकर जिले के आंदर प्रखंड के रकौली व बसंतपुर के कुमकुमपुर स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का राज्यस्तरीय दो सदस्यीय टीम द्वारा चेकलिस्ट के अनुसार असेसमेंट किया गया। इस दौरान टीम ने संबंधित एचडब्ल्यूसी पर उपलब्ध सुविधाओं और उसकी गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान टीम द्वारा टीकाकरण, ओपीडी, एनसीडी सेवा, ड्रग डिस्ट्रीब्यूशन, एनसीडी जांच, परिवार नियोजन, 14 प्रकार की जांच, साफ सफाई आदि मानकों पर मूल्यांकन किया गया। टीम में शामिल डीसीक्यूए डा. आलोक कुमार एवं जिला स्वास्थ्य सलाहकार डा. धमेंद्र कुमार द्वारा बताया गया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) में साफ- सफाई, उपकरणों की स्थिति सहित उक्त स्वास्थ्य संस्थान में इलाज़ कराने के लिए आने वाले मरीजों को मिलने वाली उपलब्ध सुविधाओं की जांच और मरीजों की देखभाल, इलाज के तरीके और रोगियों की संतुष्टि का मूल्यांकन करने के साथ ही मानक संचालन प्रक्रियाओं और प्रोटोकाल के अनुपालन की जांच की गई है। यहां सभी सुविधाओं को मानक के अनुरूप सुदृढ़ किया गया है।सिविल सर्जन डा. श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत, स्वास्थ्य सेवाओं के सभी पहलुओं यथा चिकित्सा, नर्सिंग, प्रशासन, और रोगी देखभाल की गुणवत्ता को मानक के अनुरूप तैयार किया जाता है। ताकि स्वास्थ्य संस्थानों में आने वाले सभी मरीजों को उच्च गुणवत्ता के साथ उचित सलाह और उसका सही उपचार मिल सकें। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य यह भी है कि मरीजों और स्वास्थ्य संस्थानों के बीच विश्वास का निर्माण करता है। जब मरीजों को यह विश्वास हो जाता है कि वह उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्राप्त कर रहे हैं, तो उनकी संतोषजनकता बढ़ती है।

## कचरा उठाव दल को बीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**भगवानपुर हाट (सिवान)** प्रखंड के सोधानी पंचायत के भगवानपुर गांव स्थित इंदर बाबा मठ परिसर से शुक्रवार को बीडीओ कुमार विशाल व मुखिया चांदनी कुमारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता कर्मियों के दल को उनके आवंटित वार्ड में कचरा संग्रहण के लिए रवाना किया। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि लोहिया स्वच्छ अभियान के तहत तरल एवं अपशिष्ट प्रबंधन के तहत गीला एवं सूखा कचरा के लिए व्यवस्था की गई है। बताया कि प्रतिदिन स्वच्छता कर्मी घर-घर जाकर कचरे का उठाव करेंगे। इससे जहां पूरा गांव स्वच्छ रहेगा। वहीं बीमारी की जकड़ से सभी का बचाव भी हो सकेगा। वहीं मुखिया ने पंचायत के लोगों से यत्र-तत्र कचरा नहीं फेकने की अपील की। बीडीओ ने बताया कि सोंधानी पंचायत में कुल 16 वार्ड में 3181 घर हैं। इन घरों से कचरा संग्रहण के लिए एक ई-रिक्शा व 16 कचरा संग्रहण के लिए रिक्शा को लगाया गया है। हर घर को कूड़ेदान मुहैया कराने का काम शुरू है। बताया कि इस पंचायत का कचरा निस्तारण के लिए ब्रह्मस्थान डब्ल्यूपीयू से जोड़ा गया है, क्योंकि इस पंचायत में डब्ल्यूपीयू का निर्माण नहीं हो सका है। इस अवसर पर प्रखंड समन्वयक पंकज कुमार गौरव, उप मुखिया तारा देवी तथा सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## गायब युवक की हत्या कर बदमाशों ने शव को फेंका

**परवेज अख्तर/सीवान।** नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर स्थित चंवर से शुक्रवार की सुबह पुलिस ने दो दिन से गायब युवक का शव बरामद किया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही एसपी अमितेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जांच की। टीम जांच शुरू कर घटना में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी में जुट गई है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी 24 वर्षीय किशन कुमार के रूप में हुई है। वह मोबाइल दुकान पर काम करता था। मृतक के स्वजनों ने बताया कि 26 मार्च की शाम से ही किशन गायब था। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका कहीं भी आता-पता नहीं चला। इसके बाद हमलोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस अभी जांच ही कर रही थी कि तबतक उसका शव लक्ष्मीपुर स्थित चंवर से बरामद हुआ। बताया कि मृतक को नशीला पदार्थ खिलाकर ईट व राड से वारकर हत्या की गई है। वहीं इस मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार ने बताया कि किशन की हत्या हुई है। जांच हो रही है। मृतक के स्वजनों से अभी आवेदन नहीं मिला है।

## पुलिस सभा में एसपी ने समस्याओं के निराकरण का दिया आदेश

**सिवान।** शहर के पुलिस लाइन में एसपी अमितेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को पुलिस सभा का आयोजन किया गया। पुलिस सभा में पुलिस कर्मियों द्वारा एसपी के समक्ष कई प्रकार की विभाग से जुड़ी समस्याओं को रखा गया। वहीं एसपी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान एसपी पुलिस लाइन में रहने वाले सभी पुलिसकर्मियों की समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया। एसपी ने बताया कि पुलिस केंद्र में नियमित रूप से आयोजित शस्तिका कक्ष एवं अनुरोध कक्ष का संचालन किया गया। इसमें पुलिस कर्मियों की समस्या से अवगत होकर समस्या के समाधान हेतु संबंधित शाखा को निर्देशित किया गया। उन्होंने उनके समक्ष रखी गई सभी समस्याओं के निराकरण के आदेश दे दिए हैं।

## विद्यार्थियों के लिए सबसे बड़ा दिवस होता है दीक्षांत समारोह-चेयरमैन

**सिवान।** शहर के वैशाखी स्थित डान बास्को हाई स्कूल में गुरुवार को वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन थामस कोसी, प्राचार्य डा. प्रियंका पायल व पीआरओ शांति दिलीप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए चेयरमैन ने कहा कि जीवन में विद्यार्थियों के लिए सबसे बड़ा दिवस दीक्षांत समारोह होता है। जब किसी विद्यार्थी को इस समारोह के लिए आमंत्रित किया जाता है तो वह उसके और उसके परिवार के लिए गौरव का क्षण होता है। इस मौके पर उन्होंने बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं उनके प्रगति रिपोर्ट कार्ड प्रदान किए। प्राचार्य ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत जो सरकार ने पहल की है उसके अनुसार कक्षा दो, पांच, आठ एवं कक्षा 12वीं के बाद ऐसे समारोह आयोजित करना महत्वपूर्ण हो गया है। समारोह के मुख्य आकर्षण की केंद्र कक्षा दो से तीन में प्रवेश करने वाले छात्र - छात्राएं रहे। इन बच्चों के द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर लुत्त अभिभावकों तथा विद्यालय के सभी सदस्यों ने उठाया। मंच संचालन संध्या तिवारी एवं ऋतंभरा शर्मा ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका सुनीता सिंह द्वारा किया गया। समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।

## सवारी बैठाने को लेकर ई-रिक्शा चालक ने चाकू मारकर दूसरे को किया घायल

**परवेज अख्तर/सीवान।** नगर थाना क्षेत्र के जेपी चौक के समीप कचहरी रोड़ में शुक्रवार की दोपहर सवारी को बैठाने को लेकर दो ई-रिक्शा चालकों के बीच नोकझोक के बाद जमकर मारपीट हुई। बात इतनी बढ़ी कि एक ई-रिक्शा चालक ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में दूसरा ई-रिक्शा चालक घायल हो गया। वहीं त्वरित कार्रवाई करते हुए डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायल चालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। घायल चालक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरहन निवासी रबीयूद्दीन के रूप में हुई है। जबकि चाकू मारने वाला चालक महादेवा थाना क्षेत्र के रामदेव नगर निवासी पिंटू है। घायल रबीयूद्दीन ने बताया कि जेपी चौक के समीप अपना ई-रिक्शा लेकर सवारी का इंजतार कर रहा था। इस दौरान महादेवा रोड की तरफ जाने वाली सवारी पिंटू के ई-रिक्शा से उतरकर मेरे ई-रिक्शा पर बैठ गई। इसको लेकर पिंटू तू-तू-मै-मै करने लगा और चाकू निकालकर हमला कर दिया। वहीं पिंटू ने बताया कि मेरे ई-रिक्शा की सवारी को उसने बैठा लिया। इसका जब मैने विरोध किया तो मारपीट करने लगा। बकझक व हाथपाई के दौरान चाबी से चोट लगने से वह घायल हो गया।

## चौकी हसन सलारगंज बाजार से दो भैंस की चोरी

**तरवारा (सिवान)** = जीबी नगर थाना क्षेत्र के चौकी हसन सलारगंज बाजार से बुधवार की देर रात चार की संख्या में आए अज्ञात चोरों ने दरवाजे पर बंधी दो भैंस की चोरी कर ली। इस मामले में पीड़ित राजदेव यादव के पुत्र गुड्डू कुमार ने थाना में आवेदन देकर भैंस की बरामदगी के लिए गुहार लगाई है। आवेदन में कहा है कि बुधवार की देर रात मेरे दरवाजे से दो भैंस की चोरी कर ली गई। चोरी गई भैंस की कीमत 2.50 लाख रुपये है। प्रतिदिन की तरह अपने दोनों भैंस को रात्रि 11 बजे बांधकर भोजन करने के बाद सो गया था। जब मैं सुबह जगा तो देखा कि मेरे दरवाजे से दोनों भैंस गायब थी। अपने स्तर से मैंने काफी खोजबीन किया लेकिन भैंस का पता नहीं चला। बाद में पता चला कि अज्ञात चोरों ने भैंस की चोरी कर पिकअप गाड़ी पर लाद कर चले गए हैं। थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। भैंस चोरी मामले में संलिप्त अज्ञात चोरों की पहचान करने में पुलिस जुटी है।

## बिजली करेंट से स्वास्थ्य विभाग के कर्मी की असामयिक मौत

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** गौरा थाना क्षेत्र के सलीमापुर गांव निवासी 55 वर्षीय पुनीत सिंह की बिजली करेंट लगने से असामयिक मौत हो गई। मृतक स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मी थे, फिलहाल उनकी पोस्टिंग गौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर था। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह नहाने जाने के दौरान पानी चलाने के दौरान मोटर्स में प्रवाहित बिजली की करेंट के चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी गांव में फैलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई।